Code No. 66/3
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 5 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 25 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 5 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 25 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

BUSINESS STUDIES
व्यावसायिक अध्ययन

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*
निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

*(i) Answers to questions carrying **2–3** marks should not exceed **30–40** words.*

*(ii) Answers to questions carrying **4–5** marks should not exceed **60–80** words.*

*(iii) Answers to questions carrying **6** marks should not exceed **100** words.*

(iv) Attempt all parts of a question together.

सामान्य निर्देश :

*(i) **2–3** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **30–40** शब्दों से अधिक न हों।*

*(ii) **4–5** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **60–80** शब्दों से अधिक न हों।*

*(iii) **6** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हों।*

(iv) किसी प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए।

1. Differentiate between 'marketing' and 'selling' on the basis of (a) meaning and (b) emphasis. 2

(क) अर्थ एवं (ख) महत्त्व के आधार पर 'विपणन' तथा 'बिक्री' में अन्तर दर्शाते हों।

2. Explain, in brief, the term 'directing' as a function of management. 2

प्रबन्ध के कार्य के रूप में 'निर्देशन' शब्द को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

3. What is meant by the product concept of 'marketing' ? 2

'विपणन' की उत्पाद विचारधारा का क्या अर्थ है ?

4. Explain, in brief, 'management' as an activity. 2

एक क्रिया के रूप में 'प्रबन्ध' को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

5. Give two examples of the impact on business organisations of changes in social environment. 2

व्यावसायिक संगठनों पर सामाजिक वातावरण के परिवर्तनों से होने वाले प्रभावों के दो उदाहरण दीजिए।

6. Explain briefly any three important features of advertising. 3

विज्ञापन के किन्हीं तीन मुख्य लक्षणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

7. Explain any three sales promotion activities commonly used by marketers. 3

ऐसी किन्हीं तीन विक्रय संवर्धन क्रियाओं को स्पष्ट कीजिए जिन्हें विपणन विक्रेता साधारणतया उपयोग में लाते हैं।

8. Explain any three reasons as to why proper understanding of management principles is necessary. 3

कोई तीन कारण देकर स्पष्ट कीजिए कि प्रबन्ध सिद्धान्तों की उचित समझ क्यों आवश्यक है।

9. "Leadership is required only for less efficient subordinates." Do you agree ? Give any three reasons in support of your answer. 3

''नेतृत्व की आवश्यकता केवल कम कुशल अधीनस्थों के लिए होती है।'' क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई तीन कारण दीजिए।

10. Enumerate any three advantages and any three disadvantages of 'formal communication'. 3

'औपचारिक सम्प्रेषण' के किन्हीं तीन लाभों तथा किन्हीं तीन हानियों की गणना कीजिए।

11. The directors of a newly established company having paid up equity share capital of Rs. 2.5 crores, desire to get its shares traded at an Ail India level Stock Exchange. As finance manager of the company, suggest the name of the Stock Exchange for the purpose. Give any three reasons in support of your answer. 4

एक नई स्थापित कम्पनी जिसकी प्रदत्त समता अंश पूँजी 2.5 करोड़ रु. है, के संचालक, कम्पनी के अंशों को एक अखिल भारतीय स्तर के शेयर बाज़ार (स्टॉक एक्सचेन्ज) में क्रय-विक्रय कराना चाहते हैं। कम्पनी के वित्त प्रबन्धक होने के नाते इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक शेयर बाज़ार का नाम सुझाइए। अपने उत्तर के समर्थन में कोई तीन कारण भी बताइए।

12. Which method of wage payment — Time-rate or Piece-rate — would you adopt in each of the following situations ? Give reasons in support of your answer. 4

(i) Where rate of output is determined solely by machine and not by operation,

(ii) Where production process requires high degree of skill,

(iii) Where work flow is regular, and

(iv) Where quantity of output is more important than its quality.

निम्नलिखित प्रत्येक स्थिति में आप पारिश्रमिक भुगतान की कौनसी विधि — समयानुसार अथवा कार्यानुसार — अपनाएँगे ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।

(i) जहाँ उत्पादन की दर केवल मशीनों द्वारा, न कि प्रचालन द्वारा निर्धारित की जाती हो,

(ii) जहाँ उत्पादन प्रक्रिया में उच्च कोटि की निपुणता की आवश्यकता हो,

(iii) जहाँ कार्य प्रवाह नियमित हो, तथा

(iv) जहाँ उत्पादन की मात्रा उसके गुण की अपेक्षा अधिक महत्त्वपूर्ण हो।

13. State any two developmental functions and any two regulatory functions of the Securities and Exchange Board of India (SEBI). 4

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के कोई दो विकासात्मक कार्य तथा कोई दो नियामक कार्य बताइये।

14. Which principle of management envisages that each group of activities having the same objectives must have one head and one plan ? Explain the principle with a suitable example. 4

प्रबन्ध का वह सिद्धान्त कौनसा है जिसके अनुसार एक ही उद्देश्य की पूर्ति करने वाली सभी एक सी क्रियाएँ एक अधिकारी के अधीन ही होनी चाहिएँ तथा उनके लिए एक ही योजना होनी चाहिए ? सिद्धान्त को उपयुक्त उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

15. "Authority can be delegated but responsibility cannot." Explain this statement, in brief. 4

''अधिकार सौंपा जा सकता है, परन्तु उत्तरदायित्व नहीं।'' इस कथन को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

16. Explain, in brief, any five economic changes that have been initiated by the Government of India since 1991. 5

ऐसे किन्हीं पाँच आर्थिक परिवर्तनों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जो भारत सरकार ने 1991 से प्रारंभ किए हैं।

17. "Administration is a part of management." Explain the view. 5

''प्रशासन प्रबन्ध का एक भाग है।'' इस दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

18. Explain, in brief, any five factors that should be taken into consideration while determining capital structure of a business enterprise. 5

ऐसे किन्हीं पाँच घटकों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जिन्हें किसी व्यावसायिक उद्यम की पूँजी संरचना निर्धारित करते समय ध्यान में रखना चाहिए।

19. Explain briefly the various steps involved in the process of controlling. 5

नियंत्रण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

20. "Though one of the effects of under-capitalisation is that the market value of shares goes up, yet under-capitalisation is not considered good for the company." Do you agree with the statement ? Give reasons. 5

''यद्यपि अल्प-पूँजीकरण का एक प्रभाव यह है कि अंशों का बाज़ार मूल्य बढ़ जाता है, फिर भी अल्प-पूँजीकरण कम्पनी के लिए अच्छा नहीं माना जाता है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? कारण दीजिए।

21. Explain the following rights of consumers : 6

(i) The Right to safety,

(ii) The Right to consumer education, and

(iii) The Right to be heard.

OR

Explain any four ways and means of consumer protection followed in India.

उपभोक्ताओं के निम्न अधिकारों को स्पष्ट कीजिए :

(i) सुरक्षा का अधिकार,

(ii) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार, तथा

(iii) सुनवाई का अधिकार।

अथवा

ऐसी किन्हीं चार विधियों को स्पष्ट कीजिए जो भारत में उपभोक्ता संरक्षण के लिए अपनाई जाती हैं।

22. Explain briefly any six points which highlight the importance of planning. 6

OR

Explain, in brief, the meaning of 'policy' and 'rule' as types of plans and give any four points of distinction between them.

ऐसे किन्हीं छः बिन्दुओं को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जो नियोजन के महत्त्व को दर्शाते हों।

अथवा

योजनाओं के प्रकार के रूप में 'नीति' एवं 'नियम' के अभिप्राय को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए तथा उनमें आपस के अन्तर के कोई चार बिन्दु दीजिए।

23. What is an 'informal organisation' ? Distinguish between 'formal organisation' and 'informal organisation' on the basis of : (i) purpose, (ii) behaviour of members, (iii) adherence to rules, and (iv) stability. 6

OR

Explain, in brief, any six points which highlight the importance of decentralisation in an organisation.

'अनौपचारिक संगठन' क्या है ? (i) उद्देश्य, (ii) सदस्यों का व्यवहार, (iii) नियमों का पालन, एवं (iv) स्थिरता के आधार पर 'औपचारिक संगठन' तथा 'अनौपचारिक संगठन' में अन्तर कीजिए।

अथवा

ऐसे कोई छः बिन्दु संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जो संगठन में विकेन्द्रीकरण के महत्त्व को दर्शाते हों।

24. Explain, in brief, any six steps involved in the process of selection of employees. 6

OR

Explain briefly any six external sources of recruitment of workers.

ऐसे किन्हीं छः चरणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जो कर्मचारियों के चयन की प्रक्रिया में निहित हैं।

अथवा

श्रमिकों की भर्ती के किन्हीं छः बाह्य स्रोतों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

25. "Advertising costs are passed on to the consumers in the form of high prices" and "Some advertisements are in bad taste". Do you agree ? Give reasons in support of your answer. 6

OR

Explain, in brief, the factors that are taken into consideration while taking decision on pricing the product.

''विज्ञापन लागतें ऊँची कीमतों के रूप में उपभोक्ताओं को हस्तान्तरित कर दी जाती हैं'' तथा ''कुछ विज्ञापन रुचिकर नहीं होते हैं''। क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।

अथवा

उन घटकों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए जिन्हें उत्पाद का मूल्य निर्धारण निर्णय लेते समय ध्यान में रखा जाता है।